Regarding train connectivity

सुश्री सुनीता दुग्गल (सिरसा): सभापति महोदय, मैं रेल मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे के बहुत काम करवाए हैं । इसलिए, हमारी उम्मीद भी ज्यादा हो जाती है । मैं यह कहना चाहती हूं, क्योंकि आप भी अग्रवाल समाज से आते हैं, हमारे यहां पर अगरोहा है । सभापति महोदय, हम चाहते हैं कि हिसार, अगरोहा और फतेहबाद होते हुए सिरसा तक एक नई रेलवे लाइन बिछायी जाए । एलनाबाद से लेकर सिरसा तक भी नई रेलवे बिछायी जाए । इसके लिए रेल मंत्री जी से मेरा आग्रह है । इसके साथ-साथ चंडीगढ़ जो हमारी कैपिटल है, वहाँ से हमारे सिरसा को जोड़ा जाए, क्योंकि वह हमारी राजधानी है । यह मेरा आग्रह है । मुझे उम्मीद है कि आप भी मेरी तरफ से आदरणीय रेल मंत्री जी से आग्रह करेंगे । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

____

HON. CHAIRPERSON: Item No.32A, Shri Pankaj Chaudhary.

<u>13.11hrs</u>